BSES
BSES Yamuna Power Limited
...a joint venture with GONCTD
मर्च – अप्रैल, 2010

होली, ईस्टर और बैसाखी के मौके पर उपभोक्ताओं को बधाई !

नंबर है 5–545–464, इसे सेव कर लें

आपकी सुविधा के लिए बीवाईपीएल ने एक एसएमएस सेवा की शुरूआत की है। यदि कभी बिजली गुल हो जाए, वॉल्टेज में उतार–चढ़ाव हो, या मीटर में किसी दिक्कत की वजह से बिजली न हो, तो पूर्वी और मध्य दिल्ली के उपभोक्ता महज एक एसएमएस करके, अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। आप सबसे पहले टाइप करें, बीएसईएस, स्पेस दें, टाइप करें फॉल्ट कोड, स्पेस दें, टाइप करें सीआरएन नंबर और उसे 5–545–464 पर भेज दें। फॉल्ट कोड ये हैं – बिजली गुल हो तो एनसी, वॉल्टेज में उतार चढ़ाव हो तो वीएफ, और मीटर में किसी दिक्कत के कारण बिजली न हो तो एमबी।

यही नहीं, एसएमएस के माध्यम से आप बिल और भुगतान के विवरण की जानकारी भी ले सकते हैं। इसके लिए पहले बीएसईएस टाइप करें, स्पेस दें, बिल टाइप करें, स्पेस दें, सीआरएन नंबर लिखें और उसे 5–545–464 पर भेज दें।

अपने सबसे बड़े उपभोक्ता आधार, यानी सिंगल फेज उपभोक्ताओं के लिए यह सेवा शुरू करके, हमें काफी खुशी हो रही है।

परीक्षार्थियों को बीवाईपीएल विश करती है
ऑल द बेस्ट!

सौर ऊर्जा से रौशन होगा आपका घर

बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड और बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड ने एक्मे जैसलमेर सोलर पावर प्राइवेट लिमिटेड के साथ 25 सालों के लिए, सूरज की रोशनी से बनने वाली बिजली की खरीद का समझौता किया है। 12 जनवरी, 2010 को हुए इस समझौते के तहत, बीवाईपीएल और बीआरपीएल को वहां से 25–25 मेगावॉट बिजली मिलेगी।

बीएसईएस कंपनियां देश की पहली ऐसी बिजली कंपनियां बन गई हैं, जिन्होंने केंद्र सरकार के जवाहरलाल नेहरू सोलर मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह द्वारा लॉन्च किए गए इस मिशन के तहत 2020 तक 20, 000 मेगावॉट सौर ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य है।

एक्मे ग्रुप राजस्थान के जैसलमेर, बीकानेर और जोधपुर में तीन सौर ऊर्जा प्लांट लगा रही है। इनमें से हरेक की क्षमता 50 मेगवॉट की होगी। 750 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले जैसलमेर सोलर थर्मल पावर प्लांट में उत्पादित कुल 50 मेगावॉट बिजली बीवाईपीएल और बीआरपीएल खरीद लेंगी। यह प्लांट जून 2011 में उत्पादन शुरू कर देगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है।

हम सुन रहे हैं ..... डायल करें
बीवाईपीएल– 39999808

विशिष्ट सहयोगी सम्मेलन

नए साल की शुरूआत बीवाईपीएल ने विशिष्ट सहयोगी सम्मेलन से की। पूर्वी और मध्य दिल्ली के विशिष्ट सहयोगियों के लिए आयोजित सम्मेलन में बीवाईपीएल सीईओ श्री रमेश नारायणन ने कंपनी की योजनाओं, और चुनौतियों के बारे में बात की। साथ ही यह भी चर्चा की कि अपने उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कंपनी ने क्या प्रयत्न किए हैं। बीवाईपीएल ने विशिष्ट सहयोगियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं और मुद्दों को कंपनी प्राथमिकता के आधार पर हल करेगी।

स्वच्छ व हरित दिल्ली के लिए, कचरे से बनी बिजली खरीदेगी बीवाईपीएल

दिल्ली को हराभरा व स्वच्छ बनाने और ऊर्जा संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के प्रति संजीदगी दिखाते हुए बीवाईपीएल ने हाल ही में ईस्ट दिल्ली वेस्ट प्रोसेसिंग कंपनी लिमिटेड के साथ 25 सालों का एक समझौता किया है। दिल्ली में अपनी तरह का यह पहला पावर प्लांट होगा, जहां शहर में जमा होने वाले कचरे से बिजली बनाई जाएगी।

इस अक्षय ऊर्जा वाले प्लांट में उत्पादित होने वाली कुल 10 मेगावॉट बिजली का 49 प्रतिशत हिस्सा बीवाईपीएल खरीदेगी। गाजीपुर में बन रहे इस पावर प्लांट से 3.688 रूपये प्रति केडब्ल्यूएच की प्रतियोगितात्मक दर पर बिजली मिलेगी।

1200 टन ठोस कचरे को इस प्लांट में दैनिक आधार पर प्रॉसेस किया जाएगा। इससे पर्यावरण में उतना सुधार आएगा, जितना 1. 19 लाख पेड़ लगाने या फिर एक साल के लिए 83 हजार कारें सड़कों से हटा लेने के बाद होगा।

मरम्मत व आधुनिकीकरण के काम के लिए आपके इलाके में कब बिजली बंद रहेगी, यह जानने के लिए लॉगऑन करें– www.bsesdelhi.com या फिर अपने डिविजन के कस्टमर केयर ऑफिसर को कॉल करें।